हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 09 अगस्त 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज देश भर में रक्षा बंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। हरियाणा और चंडीगढ़ में भी रक्षाबंधन पूरे उत्साह से मनाया जा रहा है। हमारे संवाददात ने बताया है कि आज बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाइयों ने उन्हें उपहार दिए।बाजारों में भी कल से ही राखी की धूम है। लोग खरीददारी कर रहे है।हरियाणा की रोडवेज की सामान्य बसों में आज रात 12 बजे तक महिलाओं व उनके 15 साल तक के बच्चों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है।चंडीगढ़ की लोकल बसों में भी महिलाओं को आज मुफ्त यात्रा की सुविधा रहेगी।

भारतीय रेलवे ने साढे चार किलोमीटर लंबी मालगाड़ी- रुद्राष्ट्र का सफल परीक्षण कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, यह एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी भी है। परीक्षण के दौरान इस मालगाड़ी ने उत्तर प्रदेश में चंदौली के गंजख़्वाजा रेलवे स्टेशन से झारखंड के गढ़वा के बीच की 209 किलोमीटर की दूरी पांच घंटे 10 मिनट में तय की।

हरियाणा में बिजली से जुड़े कार्यों को सरल और पारदर्शी बनाने तथा उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से हरियाणा विद्युत नियामक आयोग ने बिजली आपूर्ति संहिता में छठा संशोधन जारी किया है। यह संशोधन हरियाणा सरकार के राजपत्र में प्रकाशित होते ही प्रभावी हो गया है और पूरे राज्य में लागू हो गया है। हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा ने कहा कि अब तक यदि किसी किसान के निजी ट्रांसफार्मर में चोरी या खराबी के कारण मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन की आवश्यकता होती थी, तो उसकी लागत का एक बड़ा हिस्सा किसान को स्वयं उठाना पड़ता था। इससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। आयोग ने ऐसे मामलों में किसानों से लागत वसूलने का प्रावधान हटाने का निर्णय लिया है, जिससे अब किसानों को इस प्रकार के व्यय से राहत

मिलेगी। यदि ट्रांसफार्मर चोरी हो जाए या किसी अन्य कारण से क्षतिग्रस्त हो, तो उसकी मरम्मत या प्रतिस्थापन की पूरी जिम्मेदारी अब बिजली वितरण कंपनी की होगी।संशोधन के अनुसार, अब यदि कृषि कनेक्शन को तकनीकी या भौगोलिक कारणों जैसे बोरवेल की विफलता, पानी की गुणवत्ता, या भूमि के अधिग्रहण के चलते मूल स्थान से 70 मीटर के भीतर और किसान की अपनी ही ज़मीन पर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होती है, तो इस स्थानांतरण की लागत भी अब किसानों से नहीं ली जाएगी।यह राशि बिजली वितरण कंपनी अपनी वार्षिक राजस्व आवश्यकता के तहत समायोजित करेगी।

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि गोहाना के विकास और सौंदर्यीकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मुख्यमंत्री नायब सिंह की सरकार गोहाना के विकास में धनराशि की कमी नहीं आने देगी। श्री अरविंद शर्मा कल गोहाना में नगर परिषद परिसर गोहाना में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्रेन-8 के सौंदर्यीकरण के लिए जिला नगर आयुक्त द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिस पर जल्दी काम शुरू करवाया जाएगा। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गोहाना का विकास ही उनका लक्ष्य है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों से संबंधित विकास कार्यों की मांग लें, जिसमें प्राथमिकता आधार पर 3-3 कामों के अनुमान तैयार करके उन्हें व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल को उसकी सूची भेजी जाए, ताकि वित्तीय राशि का प्रावधान करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाएं, ताकि आमजन को उसका जल्द लाभ मिले।

पंचकूला जिले में ऊपरी क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण घग्गर नदी का जल स्तर खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गया है।

पंचकूला जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों को घग्गर नदी पर न जाने का अनुरोध किया है। नागरिकों को सभी नदी, नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से पूरी तरह दूर रहने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने कहा है कि पुलों, नदी किनारे या नालों पर खड़े होकर पानी देखने व कोई वीडियो या फोटो लेने की कोशिश जानलेवा हो सकता है। लोग आपात स्थिति में बाढ़ नियंत्रण कक्ष से दूरभाष नंबर 0172 2562135 पर संपर्क कर सकते हैं।

अश्विनी

नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के मौके पर मुख्यमंत्री श्रीनायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 13 अगस्त को पंचकूला में एकराज्य-स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। उसी दिन, स्कूल और कॉलेज छात्रो को जिला स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक प्रतिजा भी दिलाई जाएगी।कल चंडीगढ़ में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई।